J.P. GROUP OF EDUCATION

REPUBLIC DAY 2026

जे0 पी0 ग्रुप ऑफ एजुकेशन के प्रागंण में 77वॉं गणतंत्र दिवस मनाया गया।

प्रेस विज्ञाप्ति

आज दिनांक 26.01.2026 दिन सोमवार को प्रातः 9:30 बजे जे0 पी0 ग्रुप ऑफ एजुकेशन के प्रांगण में संस्थान के प्रशासनिक पदाधिकारी श्री शिवेन्द्र दिवाकर ने 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर झंडोतोलन किया। इस अवसर पर शुभकामना देते हुए जे0 पी0 ग्रुप ऑफ एजुकेशन के सचिव श्री शैलेश कुमार ने कहा कि हमारा गणतंत्र विश्व का सबसे बड़ा गणतंत्र है, आज ही के दिन हमारा अपना संविधान लागू हुआ। आगे, इन्होंने कहा कि आज जो हम आजादी की सांस ले रहे हैं वह हमारे महान देश के महान विभूतियों की देन है। हमें आज अपने व्यवहार में, विचार में तथा आचरण में ऐसा परिवर्तन करना चाहिए कि हमारा देश एक रहे, हमारा समाज सुरक्षित रहे। हमें अपने संविधान का न केवल सम्मान करना चाहिए बल्कि इसे अक्षरशः मानना भी चाहिए।

प्रशानिक पदाधिकारी श्री एस दिवाकर ने बच्चों को 77वे गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए कहा कि हम अपने संविधान के अनुसार चलते हैं। हमें अपना कार्य पूरी ईमानदारी से करना चाहिए। हम जहाँ भी है, जो भी कार्य कर रहे हैं उसे पूरी ईमानदारी एवं कर्तव्यनिष्ठा से करना चाहिए।

इस अवसर पर जे.पी. कॉलेज ऑफ एजुकेशन के प्राचार्य डॉ0 संजय कुमार, जे.पी. शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ0 पुनीत कुमार शुक्ला, जे.पी. इंस्टीच्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के प्राचार्य ई0 पूर्णेन्दु भूषण, जे.पी. कॉलेज ऑफ फार्मेसी के प्राचार्य डॉ0 राजीव कुमार, जे0 पी0 आई0टी0 के प्राचार्य ई0 राजीव कुमार चौधरी, जे0 पी0 इण्टरनेशनल स्कूल के प्राचार्य डॉ0 राजीव रंजन, जे.पी. कॉलेज ऑफ लॉ के प्राचार्य सहित संस्थान में कार्यरत सभी शिक्षकगण, कर्मचारीगण एवं छात्र–छात्राओं की उपस्थिति में झंडोतोलन किया गया।